राजस्थान पत्रिका

झुंझुनूं पत्रिका

उद्योग तथा अनुसंधान प्रयोगशालाओं में उचित तालमेल से आएगा बदलाव

पिलानी @ पत्रिका. अमृत महोत्सव कार्यक्रमों के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-सीरी में आई-कनेक्ट कार्यक्रम हुआ। एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एवं स्ट्रैटेजिक सेक्टर (एईआईएसएस) थीम के अंतर्गत सामरिक एवं सामाजिक उद्देश्यों के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों से संबंधित ऑन लाइन आयोजित ए कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डा. पीसी पंचारिया ने की। उन्होंने आई कनेक्ट पर चर्चा करते हुए उद्योग जगत सहित नए स्टार्ट अप्स, एमएसएमई आदि के बीच संपर्क स्थापित करने में मिलने वाले लाभ को समझाया। विशिष्ट अतिथि एसएस पीएल डीआरडीओ, नई दिल्ली की निदेशक डा. सीमा विनायक थी। उन्होंने माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़ फॉर डिफेंस एप्लीकेशंस विषय पर व्याख्यान करते हुए देश की अनुसंधान प्रयोगशालाओं और उद्योग जगत के बीच सामंजस्य की आवश्यकता बताई। सीएसआईआर मुख्यालय के प्रधान वैज्ञानिक डा. देवेन्द्र सिंह ने आई-कनेक्ट कार्यक्रम की उपयोगिता बताई। सीरी के डा. अयन बंद्योपाध्याय, डा. सुचंदन पाल, डा. संजय सिंह, सीएमईआरआई दुर्गापुर की मुख्य वैज्ञानिक डा. अंजलि चटर्जी ने विचार व्यक्त किए। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के उपाध्यक्ष सुरेश बारोथ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बैंगलूरु के उप-महाप्रबंधक रंजय लाहा, राज्य सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त निदेशक एवं सीईओ पीआर शर्मा, मेसर्स पैनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज़ प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक जी वी सुब्रह्मण्यम ने भाग लिया। डा. अभिजीत कर्माकर ने आभार जताया।